ગુજરાત વૈભવ, દિનાંક: ૦૫.૧૦.૨૦૨૪

नवरात्रि के दौरान अहमदाबाद में रात 2 बजे तक चलेगी मेट्रो

अहमदाबाद। प्रदेश में नवरात्रि के दौरान मेट्रो टाइमिंग में बढ़ोतरी को लेकर मेट्रो अथॉरिटी की ओर से अहम फैसला लिया गया है। जिसमें मेट्रो रात 2 बजे तक चलेगी। इससे गरबा प्रेमियों में नवरात्रि को लेकर खुशी है। इसके साथ ही खिलाड़ी शहर के अलग-अलग इलाकों में गरबा आयोजित पार्टी प्लॉट तक पहुंचने के लिए मेट्रो से यात्रा कर सकेंगे, जबकि घर लौटने के लिए भी मेट्रो का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इससे पहले राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य में नवरात्रि पर देर रात तक गरबा शुरू करने समेत दुकानें खुली रखने की अनुमति दे चुके है।